औद्योगिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए मांगे सुझाव

सीआईआई के कॉन्फ्रेंस में श्रम मंत्री बोले- महामारी के दौरान सुरक्षा की जरूरत और बढ़ी

लखनऊ। सीआईआई ने शुक्रवार को औद्योगिक सुरक्षा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इसमें श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में कर्मचारियों को सुरक्षा प्रशिक्षण निरंतर दिया जाना चाहिए। महामारी के दौर में इसकी जरूरत और भी बढ़ गई। जिससे भविष्य में भोपाल गैस त्रासदी जैसी दुर्घटनाएं न हों। इसलिए सरकार ने इसे और बेहतर बनाने के सुझाव मांगे हैं।

कारखाना निदेशालय के उपनिदेशक धर्मेंद्र प्रताप तोमर ने सुरक्षा की महत्ता को बताते हुए प्रशिक्षण और स्कूली स्तर पर सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम पर जोर दिया। सीआईआई के अध्यक्ष सीपी गुप्ता ने कहा कि एक शोध के अनुसार देश में लगभग 48 हजार कर्मचारी प्रति वर्ष औद्योगिक दुर्घटना के शिकार होते हैं। इसमें 24 प्रतिशत निर्माण क्षेत्र के होते हैं। सीआईआई उपाध्यक्ष विनम्र अग्रवाल ने ग्लोबल वार्मिंग से संबंधित चुनौतियों को उजागर करते हुए बताया कि इसका प्रमुख कारण औद्योगिक इकाइयों द्वारा सुरक्षा मानकों को प्रभावी ढंग से लागू न कर पाना है। ब्यूरो